# टाटा कैपिटल पेश करते हैं एमसीएचआइ–क्रेडाई ''ग्रेट मुंबई प्रॉपर्टी फेस्टिवल 2016''
# अब हैं त्योहारी आनंद मनाने का समय

**मुंबई, अक्टूबर, 2016 :** इस त्योहारी सीजन के दौरान आप 21,000 वर्गफीट में फैले भारत के सबसे बड़े प्रॉपर्टी एक्स्पो में आना न भूलें। इस एक्स्पो का आयोजन एमसीएचआइ–क्रेडाई द्वारा 6 अक्टूबर से 9 अक्टूबर, 2016 के बीच एमएमआरडीए ग्राउंड्स, बीकेसी में किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में हर किसी के लिए प्रवेश निशुल्क है। यहां पहले दिन आपको कई प्रॉपर्टी एवं हाउसिंग फाइनेंस के विकल्पों के साथ 10 लाख रूपये से लेकर 10 करोड़ रूपये के बीच में प्रॉपर्टीज पर जबरदस्त ऑफर्स मिलेंगे।

10 प्रतिशत अभी दें और शेष फिटआउट में दें
लक्जरी कार, सोने के सिक्के, अंतर्राष्ट्रीय यात्रा जीतने का मौका
खरीददारों पर भुगतान का भार कम करने के लिए आकर्षक छूट योजनाएं
2 लाख रूपये से 24 लाख रूपये तक की सीधी नकद छूट
स्टांप ड्यूटी, रजिस्ट्रेशन शुल्क में छूट

15 सालों एवं 26 संस्करणों के बाद जिसने 30 लाख से अधिक खरीददारों को घर प्रदान किये हैं, इस साल यह प्रदर्शनी प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय प्रोजेक्ट्स, एनआरआइ के लिए विशेष ऑफर्स, शो में सैंपल फ्लैट्स, लकी ड्रॉ, 15 लाख रूपये एवं डेवलपर्स की ओर से कैशबैक ऑफर्स, विविध फाइनेंसिंग विकल्पों, पूरे देश में किफायती एवं लक्जरी प्रॉपर्टीज आदि फायदों के साथ घर खरीदने वालों के लिए कई ऑफर लेकर आई है। 21 सितंबर को शुरु हुये डिजिटल एक्स्पो को काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली और इसके लिए 12,000 से अधिक इन्क्वॉयरीज प्राप्त हुईं। विभिन्न ऑफरों एवं प्रॉपर्टी विकल्पों के बारे में जानने के लिए आप www.mchihomes.com पर विजिट कर सकते हैं।

**श्री तेजस व्यास, चेयरमैन, एक्जिबिशन कमिटी** ने कहा, ''घर खरीदने वालों की मांग में वृद्धि मुख्यतः मिड–एण्ड एवं किफायती हाउसिंग सेगमेंट से संचालित होगी, जो ज्यादातर अग्रणी शहरों में द्वितीयक एवं परिसीमा वाले स्थानों में स्थित होंगे। इसलिए हमें खुशी है कि इसे एमसीएचआइ–क्रेडाई द्वारा पेश किया गया है। इस साल की प्रदर्शनी कई तरह से अनोखी है और हम आगन्तुकों को यादगार अनुभव देने के लिए पूरी मेहनत कर रहे हैं। हमें विश्वास है कि एमसीएचआइ–क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्जिबिशन का 27वां संस्करण ग्राहकों को प्रोत्साहित करेगा एवं इन त्योहारों को अधिक फायदेमंद बनाएगा।''

ग्रेट मुंबई प्रॉपर्टी एक्जिबिशन में भाग लेने वाले शहर के सर्वोच्च डेवलपर्स में डीबी रियलिटी, कनकिया स्पेसेस, अजमेरा रियलिटी, राजेश लाइफस्पेसेस, साईं इस्टेट, एएण्डओ रियलिटी, नीलकंठ ग्रुप, ओएस्टर लिविंग, विजय सुरक्षा, पिरामल रियलिटी, रोमेल ग्रुप, वाधवा ग्रुप, गोदरेज प्रॉपर्टीज, मेफेयर हाउसिंग एवं नीलकंठ ग्रुप आदि हैं। प्रतिष्ठित बैंकों एवं एचएफसी में एसबीआई, ऐक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, पीएनबी, देना बैंक, यूको बैंक, एचडीएफसी, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस, टाटा कैपिटल, इंडिया बुल्स हाउसिंग फाइनेंस, एलआइसी हाउसिंग फाइनेंस आदि शामिल हैं।

इस अवसर पर **श्री गोविंद शंकरनारायणन** ने कहा, ''टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड एमसीएचआइ–क्रेडाई से जुड़कर उत्साहित है। घरों की मांग में स्थिर वृद्धि देखते हुए यह हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों एवं डेवलपर्स के लिए एक बेहतरीन मंच है, जो रियल इस्टेट उद्योग में सभी हितधारकों के लिए काफी फायदेमंद है। टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड सभी उपभोक्ता वर्गों में विस्तृत हाउसिंग फाइनेंस योजनाएं प्रदान करने के लिए समर्पित है। किफायती हाउसिंग सेगमेंट में हमारे प्रवेश और शहरी मध्यम आयवर्ग के सेगमेंट पर हमारे निरंतर केंद्रण के साथ हम घर खरीदने के इच्छुक हर व्यक्ति को उसके घर खरीदने का सपना पूरा करने में मदद करना चाहते हैं।''

इस अवसर पर **श्री आर. वैथियानाथन, प्रबंध निदेशक, टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** ने कहा, ''टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड एक व्यापक होम फाइनेंसर बनने के लिए समर्पित है, जो बाजार के सभी वर्गों में मौजूद होकर डेवलपर्स एवं घर खरीदने वालों, दोनों की ही जरूरतों को पूरा कर रही है। इसलिए हमें एमसीएचआइ के साथ साझेदारी पर गर्व है, जो हमें सभी सेगमेंट्स में व्यापक पहुंच एवं दृश्यता प्रदान करेगी। यह एक्स्पो हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों एवं डेवलपर्स के लिए एक बेहतरीन मंच है जहां इकट्ठा होकर वे अपनी पेशकशों का प्रदर्शन कर सकते हैं और रियल इस्टेट उद्योग में सभी स्टेकहोल्डर्स को लाभान्वित कर सकते हैं।''

**गेस्ट ऑफ ऑनर, श्री जेम्स लॉ, फाउंडर एवं सीईओ– जेम्स लॉ साईबरटेक्चर** ने कहा, ''नई पीढ़ी के भारतीय रहने और काम करने के लिए नई पीढ़ी का आर्किटेक्चर चाहते हैं। इसलिए इस एक्स्पो में हम सभी को स्मार्ट बिल्डिंग्स एवं स्मार्ट सिटीज के अवसर तलाशने चाहिए, ताकि रहने एवं काम करने का बेहतर वातावरण विकसित हो सके और भविष्य के भारतीय शहरों के लिए बेहतर निवेश आए।''

रियल इस्टेट उद्योग के बदलते परिदृश्य को देखते हुए यह एक्स्पो होम ऑटोमेशन सुविधा, इंटरनेशनल टूर, शून्य अतिरिक्त लागत पर मॉड्युलर किचन, मूल्य में 50 प्रतिशत तक की छूट, जिम एवं रिक्रिएशनल क्लब में सदस्यता, मोबाइल फोन/लैपटॉप/आईपैड, शून्य अतिरिक्त शुल्क पर इलेक्ट्रॉनिक अप्लायंसेस, बुकिंग्स पर अच्छे सौभाग्य के लिए सोने के सिक्के, फ्लैट बुक करने पर वाहन जैसे ऑफर देने पर केंद्रित होगी, ताकि खरीददारों की जीवनशैली बेहतर बनाई जा सके।

**श्री धर्मेश जैन, प्रेसिडेंट, एमसीएचआइ–क्रेडाई** ने कहा, ''रियल इस्टेट के सौदे एवं उनकी बाद की प्रक्रिया में काफी जटिलता एवं कानूनी औपचारिकताएं हैं। ऐसे कई मामले सामने आये हैं, जब बिल्डर्स ने किए गए वायदों को पूरा नहीं किया है और पजेशन की तारीख को भी लंबित कर दिया है। इसके लिए बिल्डर्स को भी जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है, क्योंकि इसके लिए कोई रजिस्टर्ड कानून ही नहीं है। हमें खुशी है कि अब अधिनियम संतुलित हो रहा है, जिसमें खरीददार और बिल्डर्स दोनों की सहमति है। इसलिए इस साल एक्स्पो में हमारा ध्यान सिंगल विंडो क्लियरेंस प्रक्रिया प्रदान करने पर केन्द्रित है, जिससे पजेशन में होने वाली देरी को खत्म करने में मदद मिलेगी और घर खरीदने वालों की सुविधा बढ़ेगी।''

**टी. डी. जोसेफ, ईवेंट हेड, एमसीएचआइ–क्रेडाई** ने कहा, ''यह प्रदर्शनी कॉमर्शियल, रिटेल, सेकंड होम्स एवं प्लॉट्स के साथ आवासीय अपार्टमेंट्स एवं प्लॉट्स का विस्तृत संग्रह

प्रदान करेगी। हमें गर्व है कि यह एकमात्र एक्स्पो है, जिसने पिछले संस्करणों में बड़ी संख्या में सौदे पूरे किए हैं और इस साल भी यहां पर हमें अच्छे कारोबार की उम्मीद है।''

घर खरीदने वाले इस त्योहारी सीजन के दौरान प्रॉपर्टी एक्स्पो में आकर काफी फायदे प्राप्त कर सकते हैं। यहां पर सीमित समय के लिए कई ऑफर्स उपलब्ध हैं, जो आपको पैसे की बचत करने में मदद करेंगे। सभी हाउसिंग प्रोजेक्ट एक ही छत के नीचे प्रदर्शित किए जाएंगे, और सभी ग्राहकों– लक्जरी, किफायती, कॉमर्शियल, आवासीय– के लिए प्रॉपर्टी खरीदने का वनस्टॉप समाधान प्रदान करेंगे।

**एमसीएचआइ के विषय में :**
महाराष्ट्र चैंबर ऑफ हाउसिंग इंडस्ट्री (एमसीएचआइ–क्रेडाई) की स्थापना 1982 में हुई थी। यह मुंबई एवं एमएमआर में रियल इस्टेट डेवलपर्स का सबसे प्रमुख एवं एकमात्र मान्यता प्राप्त निकाय है। एमसीएचआइ–क्रेडाई रियल इस्टेट डेवलपमेंट में काम करने वाले सदस्यों को एक आम मंच पर एकसाथ लाता है ताकि वे उद्योग द्वारा झेले जा रहे मुद्दों का समाधान कर सकें। मुंबई में 1800 से अधिक अग्रणी डेवलपर्स की सुदृढ़ सदस्यता के साथ, एमसीएचआइ–क्रेडाई ने एमएमआर में भी विस्तार किया है और इसकी ठाणे, कल्याण, डोंबिवली, मीरा–विरार सिटी, रायगढ़ और नवी मुंबई में अपनी इकाईयां हैं। एमसीएचआइ–क्रेडाई के सदस्य मुंबई व एमएमआर में नये रिहायशी एवं कॉमर्शियल प्रॉपर्टीज के संगठित विकास में 80 प्रतिशत योगदान करते हैं।

एमसीएचआइ–क्रेडाई को महाराष्ट्र सरकार एवं केन्द्र सरकार से मान्यता प्राप्त है और यह हाउसिंग उपलब्ध कराने के उनके उद्देश्यों को पूरा करने में मदद करता है जोकि एक मूलभूत आवश्यकता है। एमसीएचआइ–क्रेडाई आम जनता, रियल इस्टेट एवं निर्माण उद्योग में जागरुकता फैलाने की दिशा में कार्यरत है और साथ ही उन्हें मुंबई व एमएमआर में व इनके आसपास हो रहे नये विकास पर विस्तृत जानकारी भी प्रदान करता है। एमसीएचआइ–क्रेडाई कॉन्फेडरेशन ऑफ रियल इस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशंस ऑफ इंडिया (क्रेडाई) का सदस्य है। क्रेडाई भारत में प्राइवेट रियल इस्टेट डेवलपर्स के लिए सर्वोच्च निकाय है। एमसीएचआइ–क्रेडाई सीआइआइ, फिक्की, आइएमसी आदि जैसे अग्रणी उद्योग संगठनों के साथ भी संबद्ध है।